# भारत के प्रमुख शिक्षा संस्थानों के नाम और उनके स्थान की सूची

**भारतीय शिक्षा का इतिहास:**

भारतीय शिक्षा का इतिहास भारतीय सभ्यता का भी इतिहास है। भारतीय समाज के विकास और उसमें होने वाले परिवर्तनों की रूपरेखा में शिक्षा की जगह और उसकी भूमिका को भी निरंतर विकासशील पाते हैं। सूत्रकाल तथा लोकायत के बीच शिक्षा की सार्वजनिक प्रणाली के पश्चात हम बौद्धकालीन शिक्षा को निरंतर भौतिक तथा सामाजिक प्रतिबद्धता से परिपूर्ण होते देखते हैं। बौद्धकाल में स्त्रियों और शूद्रों को भी शिक्षा की मुख्य धारा में सम्मिलित किया गया।

आजादी के बाद राधाकृष्ण आयोग (1948-49), माध्यमिक शिक्षा आयोग (मुदालियर आयोग) 1953, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (1953), कोठारी शिक्षा आयोग (1964), राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1968) एवं नवीन शिक्षा नीति (1986) आदि के द्वारा भारतीय शिक्षा व्यवस्था को समय-समय पर सही दिशा देनें की गंभीर कोशिश की गयी।

1948-49 में विश्वविद्यालयों के सुधार के लिए भारतीय विश्वविद्यालय आयोग की नियुक्ति हुई। आयोग की सिफारिशों को बड़ी तत्परता के साथ कार्यान्वित किया गया। उच्च शिक्षा में पर्याप्त सफलता प्राप्त हुई। पंजाब, गौहाटी, पूना, रुड़की, कश्मीर, बड़ौदा, कर्णाटक, गुजरात, महिला विश्वविद्यालय, विश्वभारती, बिहार, श्रीवेकंटेश्वर, यादवपुर, वल्लभभाई, कुरुक्षेत्र, गोरखपुर, विक्रम, संस्कृत वि.वि. आदि अनेक नए विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई। 1952-53 में माध्यमिक शिक्षा आयोग ने माध्यमिक शिक्षा की उन्नति के लिए अनेक सुझाव दिए। माध्यमिक शिक्षा के पुनर्गठन से शिक्षा में पर्याप्त सफलता प्राप्त हुई।

**भारत के प्रमुख शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों की सूची:**

| **शिक्षा संस्थान का नाम** | **स्थान** | **किस राज्य में स्थित है** |
|---|---|---|
| एडमिनिसट्रेटिव स्टाफ कॉलेज | हैदराबाद | आंध्र प्रदेश |
| इंडियन इंस्टीट्युट ऑफ़ मास कम्युनिकेशन | नई दिल्ली | दिल्ली |
| एडमिनिसट्रेटिव ट्रेनिंग इंस्टीट्युट | नैनीताल | उत्तराखंड |
| इंस्टीट्युट ऑफ़ सोशल स्टडीज | लखनऊ | उत्तर प्रदेश |
| नेशनल डिफेन्स एकेडमी | खडगवासला | महाराष्ट्र |
| इंडियन मिलिट्री एकेडमी | देहरादून | उत्तराखंड |

| | | |
|---|---|---|
| कॉलेज ऑफ़ मिलिट्री एकेडमी इंजीनियरिंग | किरकी | महाराष्ट्र |
| लाल बहादुर शास्त्री एकेडमी ऑफ़ एडमिनिसट्रेटिव | मसूरी | उत्तराखंड |
| कॉलेज ऑफ़ सैटेलाइट कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी | अहमदाबाद | गुजरात |
| हिमाचल माउंटेनियरिंग इंस्टीट्युट | दार्जलिंग | पश्चिम बंगाल |
| इंडियन इंस्टीट्युट ऑफ़ पब्लिक एडमिनिसट्रेशन | नई दिल्ली | दिल्ली |
| लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन | ग्वालियर | मध्य प्रदेश |
| नेशनल पुलिस एकेडमी | हैदराबाद | आंध्र प्रदेश |
| नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इंस्टीट्युट ऑफ़ स्पोर्ट्स | पटियाला | पंजाब |
| एयरफ़ोर्स एडमिनिसट्रेटिव स्टाफ कॉलेज | पेरम्बूदूर | तमिलनाडु |
| एयरफोर्स फ़्लाइंग कॉलेज | जोधपुर | राजस्थान |
| डिफेन्स सर्विसेज स्टाफ कॉलेज | वेलिंग्टन | तमिलनाडु |
| सेन्ट्रल इन्सटीट्युट ऑफ़ संस्कृत | तिरुपति | आंध्र प्रदेश |
| नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा | नई दिल्ली | दिल्ली |
| पैराट्रूप ट्रेनिंग कॉलेज | आगरा | उत्तर प्रदेश |
| स्कूल ऑफ़ फॉरेन लेंग्वेज | नई दिल्ली | दिल्ली |
| भारतीय फिल्म तथा टेलिविज़न संस्थान | पुणे | महाराष्ट्र |
| भारतीय फिल्म संग्रहालय | नई दिल्ली | दिल्ली |
| नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया | नई दिल्ली | दिल्ली |
| नेशनल गैलरी ऑफ़ मॉडर्न आर्ट | नई दिल्ली | दिल्ली |
| ललित कला अकादमी | नई दिल्ली | दिल्ली |
| संगीत नाटक अकादमी | नई दिल्ली | दिल्ली |
| साहित्य अकादमी | नई दिल्ली | दिल्ली |
| राष्ट्रिय शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद् | नई दिल्ली | दिल्ली |
| एशियाटिक सोसाइटी | कोलकाता | पश्चिम बंगाल |
| इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय | भोपाल | मध्य प्रदेश |

| | | |
|---|---|---|
| राम कृष्ण मिशन सांस्कृतिक संस्थान | कोलकाता | पश्चिम बंगाल |
| केन्द्रीय चलचित्र प्रमाणन बोर्ड | मुंबई | महाराष्ट्र |
| नेशनल इंस्टीट्युट ऑफ़ फैशन टेक्नोलॉजी | नई दिल्ली | दिल्ली |
| संजय गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान | लखनऊ | उत्तर प्रदेश |